## संपादकीय

# पाक का पाखंड

गुलाम कश्मीर से लेकर ब्लूचिस्तान तक मानवाधिकारों की धज्जियां उड़ाने वाले पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 42वें सत्र में जम्मू-कश्मीर में भारत द्वारा मानवाधिकारों के कथित उल्लंघन के आरोप लगाये। इसके साथ ही तमाम मामलों की अंतर्राष्ट्रीय जांच की मांग की। भारत द्वारा जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने से बौखलाया पाकिस्तान इस मुद्दे के अंतर्राष्ट्रीयकरण का कोई मौका हाथ से नहीं जाने दे रहा है। परिषद के सम्मेलन में पाक के विदेशमंत्री?शाह महमूद कुरैशी ने तीखे हमले किये और कश्मीर में अस्सी लाख लोगों को कैद में रखने के कथित आरोप लगाये। इंटरनेट और मोबाइल पर कथित प्रतिबंध को मानवाधिकार हनन का मुद्दा बनाने की कोशिश की। वहीं भारतीय प्रतिनिधि ने न केवल पाक को खरी-खरी सुनायी बल्कि पाकिस्तान को आतंकवाद का केंद्र बताया। यह हास्यास्पद ही है कि बंदूक के बल पर गुलाम कश्मीर का प्रशासन चलाने वाला पाकिस्तान हताशा में भारत पर ऐसे आरोप लगा रहा है। सेना की मदद से भारत में घुसपैठिये भेजने, नशे की तस्करी के जरिये युवा पीढ़ी को पथभ्रष्ट करने तथा अवैध हथियारों की पूर्ति करके पाक कौन से मानवाधिकारों की रक्षा कर रहा है? पिछले दिनों गुलाम कश्मीर में अत्याचारों का विरोध करने वाले कश्मीरियों के दमन की खबरें मीडिया में नजर आईं। भारत को इसे मुद्दा बनाना चाहिए। निःसंदेह जम्मू-कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश बनाये जाने तथा लद्दाख को अलग केंद्रशासित राज्य का दर्जा दिये जाने के बाद पाक के लिये कश्मीर की राजनीति में टांग अड़ाने की संभावना खत्म हो गई है। जिन लोगों को पैसा देकर वह भारत विरोधी बयान देने को उकसाता था, उनकी भूमिका भी अब खत्म हो गई।?हकीकत यह?भी है कि मोदी सरकार के हालिया फैसले से बौखलायी पाक की सरकार और सेना जनता का ध्यान गंभीर समस्याओं से हटाने के लिये कश्मीर मुद्दे का अंतर्राष्ट्रीयकरण कर रही है। बहरहाल, पाक के विदेशमंत्री अपने एक बयान में जम्मू-कश्मीर को भारत का राज्य बताकर अपनी ही फजीहत करा बैठे हैं। उधर चीन जिस तरह पाक में अपने आर्थिक हितों तथा कूटनीतिक निहितार्थों को लेकर कश्मीर मुद्दे पर यू टर्न ले रहा है, उसके कूटनीतिक निहितार्थों से भारत को जूझना होगा। वहीं एक बार फिर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोहराया है कि यदि भारत व पाक चाहें तो अमेरिका मध्यस्थता करने को तैयार है। बावजूद इसके कि फ्रांस में हालिया मुलाकात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ट्रंप के सामने स्पष्ट कर चुके हैं कि जम्मू-कश्मीर भारत का अंदरूनी मामला है और हम किसी दूसरे देश को इसके मामले में कष्ट नहीं देना चाहते। दरअसल, अमेरिका समेत पश्चिमी देश अपनी मनमानी के लिये कश्मीर मुद्दे पर भारत पर दबाव बनाना चाह रहे हैं। इस मुद्दे पर ब्रिटेन की भूमिका भारतीय हितों के विरुद्ध रही है। निःसंदेह पाकिस्तान द्वारा कश्मीर को अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा बनाने की साजिशों और इस मामले में बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय दखल को देखते हुए भारत को कूटनीतिक प्रयास तेज करने होंगे।

# लटके हाउजिंग प्रॉजेक्ट पर सरकार ने दी बड़ी राहत, 10 हजार करोड़ रुपये की मदद का ऐलान

**नई दिल्ली ।** सरकार ने सुस्ती से गुजर रही अर्थव्यवस्था के लिए एक महीने के भीतर दूसरी बार बूस्टर डोज का ऐलान किया है। केंद्र सरकार ने हाउजिंग और एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए आज कई बड़े ऐलान किए हैं। हाउजिंग क्षेत्र को गति देने के लिए सरकार ने 10 हजार करोड़ रुपये का फंड 60 प्रतिशत तक पूरे हो गए लटके प्रॉजेक्ट को देने की घोषणा की है। हालांकि इसमें शर्त यह होगी वह प्रॉजेक्ट हक्क और हृष्टस्न्न में न हो। सरकार के इस ऐलान से दिल्ली-एनसीआर में अपने घर का इतंजार कर रहे हजारों निवेशकों को लाभ मिल



सकता है। इसके अलावा एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए देश में अगले साल मार्च में मेगा शॉपिंग फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा।

**हाउजिंग के लिए उठाए जाएंगे ये कदम-** घर खरीदने के लिए जरूरी फंड के लिए स्पेशल विंडो बनाई जाएगी। इसमें एक्सपर्ट लोग काम करेंगे। लोगों को घर लेने में आसानी होगी और आसानी से लोन लिया जा सकेगा। एक्सटर्नल कमर्शल गाइडलाइन फॉर अफोर्डेबल हाउजिंग में राहत दी जाएगी।

**45 लाख के घरों को अफोर्डेबल स्कीम में डालने का फायदा-** वित्त मंत्री ने कहा कि बजट में कई कदम उठाए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1.95 करोड़ लोगों को फायदा हुआ है। 45 लाख कीमत के घरों को अफोर्डेबल स्कीम में डालने का फायदा मिला है। क्षेत्र की कई कंपनियों ने इस योजना की तारीफ की है। सरकार ऐसे घरों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। अफोर्डेबेल हाउजिंग को बढ़ावा देने के लिए सरकार ईसीबी गाइडलाइंस में कई सुधार करेगी।

**हाउजिंग सेक्टर के लिए बड़े ऐलान-** 45 लाख कीमत के घरों को अफोर्डेबल स्कीम में डालने का फायदा मिला। क्षेत्र की कई कंपनियों ने इस योजना की तारीफ की है। सरकार ऐसे घरों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। अफोर्डेबेल हाउजिंग को बढ़ावा देने के लिए सरकार ईसीबी गाइडलाइंस में कई सुधार करेगी।

**10 हजार करोड़ देने के लिए सरकार की शर्तें , 3.5 लाख घरों को फायदा-** अफोर्डेबल, मिडल इनकम हाउजिंग के लिए सरकार 10 हजार करोड़ रुपये लटके प्रॉजेक्ट के लिए देगी। इतना ही फंड बाहर से लगाया जाएगा। सरकार के अलावा, बाहरी और रुह्रष्ट जैसे निवेशक भी करीब इतना ही पैसा इसमें लगाएंगे। हालांकि, यह पैसा उन्हीं प्रॉजेक्ट को मिलेगा जिनका काम 60 फीसदी तक पूरा हो चुका हो और वह हक्क और हृष्टस्न्न में न हो। वित्त मंत्री ने कहा कि इससे 3.5 लाख घरों को फायदा मिलेगा।

**सरकारी कर्मचारियों को भी मिलेगा फायदा-** अफोर्डेबल हाउजिंग के लिए एक्स्टर्नल कमर्शल बोरोइंग गाइडलाइन को थोड़ा आसान किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि RBI से मशविरे के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना में आने वाले अफोर्डेबल घरों के लिए श्चष्टक्क में राहत दी गई है। हाउस बिल्डिंग अडवांस पर ब्याज को कम किया गया है गया है। यह उनके लिए है जिसे 10 साल के लिए यील्ड्स से लिंक किया गया है। इससे सरकारी कर्मचारियों को फायदा होगा।

## रिलायंस कैपिटल वित्तवर्ष 2019-20 में घटाएगी 12,000 करोड़ रुपये का कर्ज

**मुंबई।** वित्तीय सेवा प्रदान करनेवाली कंपनी रिलायंस कैपिटल को चालू वित्तवर्ष में परिसंपत्ति मुद्रीकरण कार्यक्रम के जरिए कर्ज के स्तर को कम से 12,000 करोड़ रुपये घटाने की उम्मीद है। कंपनी को हाल में ही रिलायंस निप्पन लाइफ एस्सेट मैनेजमेंट लि. (आरएनएएम) की 6.31 फीसदी हिस्सेदारी ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के जरिए बेचने को अपने निवेशकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। संस्थागत और खुदरा निवेशकों ने बेस ऑफर साइज का 260 फीसदी से अधिक बोली लगाई। रिलायंस कैपिटल ने आरएनएएम में अपनी 17.06 फीसदी हिस्सेदारी बेचकर 2,480 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

## भारतीय स्टेट बैंक बनना चाहता है लद्दाख का अग्रणी बैंक

**दिस्कित (लद्दाख)।** देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) हाल में बने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख का अग्रणी बैंक बनना चाहता है। बैंक के चेयरमैन रजनीश कुमार ने यहां नुब्रा घाटी के दिस्कित क्षेत्र में बैंक की लद्दाख क्षेत्र में 14वीं शाखा का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। गौरतलब है कि लद्दाख को हाल ही में जम्मू-कश्मीर राज्य से जुड़े अनुच्छेद 370 के प्रावधान खत्म करने के बाद केन्द्र शासित प्रदेश बनाया गया है। सरकार ने पांच अगस्त को घोषणा की थी कि अब पूरा क्षेत्र एक राज्य नहीं होगा बल्कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दो केंद्र शासित प्रदेश बन होंगे। इसमें जम्मू-कश्मीर में उपराज्यपाल के अधीन राज्य विधानसभा होगी, जबकि लद्दाख में कोई विधायिका नहीं होगी। इससे पहले जम्मू एंड कश्मीर बैंक यहां का अग्रणी बैंक था। दिस्कित में खोली गयी शाखा बैंक की 22,024 वीं शाखा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राज्य या क्षेत्र में एक अग्रणी बैंक होता है। वह राज्य-स्तरीय बैंकिंग समिति के संयोजक के रूप में पर्याप्त बैंकिंग सेवाएं सुनिश्चित करने का दायित्व लेता है। उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर और लद्दाख में बैंक की 185 शाखाएं हैं और व्यक्तिगत ऋण खंड यह सबसे अधिक सक्रिय में है। दिस्कित 10,000 फीट की ऊँचाई पर स्थित है, और पाकिस्तान की



तुर्तुक स्थित सीमा से लगभग 90 किलोमीटर दूर है। लद्दाख क्षेत्र के मौजूदा सांसद जमयांग शेरिंग नमग्याल ने इस दूर दराज के गांव में दो और शाखाओं को खोलने के एसबीआई के कदम का स्वागत किया है।

## हमसफर एक्सप्रेस में जुड़ेंगे स्लीपर कोच, फ्लेक्सी फेयर हटा

**नई दिल्ली।** रेलवे ने यात्रियों को राहत प्रदान करते हुए शुक्रवार को अपनी प्रीमियम ट्रेन हमसफर एक्सप्रेस से फ्लेक्सी फेयर हटाने की घोषणा की और इस ट्रेन में स्लीपर कोच जोड़ने का फैसला लिया। रेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा, हमसफर क्लास की ट्रेनों की मौजूदा परिवर्तनशील किराया व्यवस्था हटा ली गई है। मतलब, इन ट्रनों के लिए अब निर्धारित किराया व्यवस्था ही लागू होगी।

मंत्रालय ने कहा कि यह राहत हमसफर क्लास की 35 जोड़ी ट्रेनों के लिए लागू होगी जिनमें इस समय सिर्फ वातानुकूलित (एसी) टियर-3 कोच हैं। रेलवे द्वारा कुछ ट्रेनों के एसी चेयर कार और एग्जिक्यूटिवक क्लास में बैठने



वाली सीट के लिए 25 फीसदी छूट देने की पेशकश किए जाने के कुछ सप्ताह बाद यह राहत प्रदान की गई है।

रेलवे ने जिन ट्रेनों के एसी चेयरकार पर 25 फीसदी छूट दी है उनमें शताब्दी, गतिमान, तेजस, डबल डेकर और इंटरसिटी ट्रेन शामिल हैं।

## स्टीव स्मिथ ने लगाया लगातार 10वां अर्धशतक, इंजमाम का यूनीक टेस्ट रिकार्ड तोड़ रचा इतिहास

**इंग्लैंड।** स्टीव स्मिथ ने एक बार फिर से ऑस्ट्रेलिया के लिए संकटमोचक की भूमिका निभाई और ओवल में खेले जा रहे पांचवें एशेज टेस्ट के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया के कुल 225 रन के स्कोर में 80 रन की शानदार पारी खेली। स्मिथ ने फिर एक रेकॉर्ड बना दिया है। इसके साथ ही वह किसी एक देश के खिलाफ सबसे ज्यादा बार लगातार पारियों में 50 स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए।



स्मिथ ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में लगातार 10वीं बार 50 का आंकड़ा पार किया। स्मिथ ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम-उल-हक का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने इंग्लैंड के ही खिलाफ लगातार 9 पारियों में 50 का स्कोर बनाया था। स्मिथ ने इंग्लैंड के खिलाफ 2017-19 के बीच खेली गई 10 टेस्ट पारियों में पांच शतक ( दो दोहरे शतक शामिल) के अलावा पांच अर्धशतक लगाए। जोफ्रा आर्चर के छह विकेट की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में 225 रनों पर सिमट गई। इंग्लैंड ने पहली पारी में 264 रन बनाए। वह दूसरी पारी में 69 रनों की बढ़त के साथ उतरी। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी में बिना विकेट खोए नौ रन बनाकर अपनी बढ़त को 78 रनों तक पहुंचा दिया है। रॉरी बर्न्स चार और जोए डेनले एक रन बनाकर खेल रहे हैं। पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया 2-1 से आगे चल रही है।

## सलामी बल्लेबाज के तौर पर रोहित की सफलता लक्ष्य का पीछा करने में करेगी मदद



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व सहायक कोच संजय बांगड़ ने कहा कि रोहित शर्मा को टेस्ट में सलामी बल्लेबाज के तौर पर 'अपने अंदाज में खेलना जारी' रखना चाहिए और लंबे प्रारूप में उनकी सफलता भारत को बड़े लक्ष्यों का पीछा करने में मदद कर सकती है। सीमित ओवरों के क्रिकेट में सलामी बल्लेबाज के तौर पर सफल रोहित को साउथ अफ्रीका के खिलाफ दो अक्टूबर से शुरू हो रही तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में बतौर ओपनर आजमाया जा सकता है। राहुल को वेस्ट इंडीज दौरे पर खराब प्रदर्शन के कारण टीम से बाहर कर दिया गया। बांगड़ ने ईएसपीनक्रिकइंफो को दिए साक्षात्कार में कहा, 'अगर वह सफल हुए तो उनके खेलने के तरीके से टीम को काफी फायदा होगा। इससे भारतीय टीम सफलतापूर्वक लक्ष्य का पीछा कर सकती है जिसे करने में हम पहले असफल रहते थे जैसा कि केप टाउन और एजबेस्टन टेस्ट में हुआ था।'

बत्तीस साल के रोहित ने 27 टेस्ट में 39.62 की औसत से 1585 रन बनाए हैं जिसमें तीन शतक और 10 अर्धशतक शामिल हैं। टेस्ट में हालांकि रोहित को मध्यक्रम के बल्लेबाज के तौर पर देखा जा रहा था लेकिन छठे नंबर पर हनुमा विहारी ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी जगह पक्की कर ली जिससे रोहित को टेस्ट में सलामी बल्लेबाजी के तौर पर टीम में जगह बनानी होगी। ओपनिंग में मिलेगी नई चुनौती

बांगड़ ने कहा, 'रोहित अगर अपने अंदाज में खेलना जारी रखेंगे तो वह सफल हो सकते हैं। उन्हें अपना तरीका बरकरार रखना होगा।' टीम के पूर्व बल्लेबाजी कोच ने कहा, 'इस समय टीम के मध्यक्रम में कोई जगह नहीं है। पारी शुरू करना उनके लिए नई चुनौती होगी, क्योंकि लंबे प्रारूप के खेल में उन्होंने ऐसा बहुत कम किया है।'

उन्होंने कहा, 'उन्हें हालांकि इसका फायदा भी मिलेगा, क्योंकि वह नई गेंद के सामने बल्लेबाजी करेंगे और मैदान में काफी गैप मौजूद होगा। उन्हें ड्रेसिंग रूम में अपनी बारी का इंतजार नहीं करना होगा जो उनकी मानसिक ऊर्जा को बचाएगा।' टीम के साथ बांगड़ का पांच साल का कार्यकाल पिछले महीने खत्म हुआ था जब उनकी जगह विक्रम राठौर को भारत का बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया।

## आज का राशिफल

*मेषः-* विवाद को बढ़ावा न दें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

*वृषः-* रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। समय की अनुकूलता का लाभ लें। प्रमाद न कर प्रयास भरपूर करें। यात्रा लाभदायक रहेगी। नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय हो सकता है।

*मिथुनः-* जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवेक से कार्य करें। लेन-देन में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। मानसिक ऊहापोह बनी रहेगी। फालतू खर्च होगा।

*कर्कः-* लंबी दूरी की यात्रा सफल रहेगी। नए काम हाथ में आएंगे। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि मनोनुकूल लाभ देगा।

*सिंहः-* आर्थिक नीति में सुधार होगा। कार्यस्थल पर परिवर्तन की संभावना है। कारोबार अच्छा चलेगा। रिश्तेदारों तथा मित्रों का सहयोग करने का अवसर प्राप्त होगा।

*कन्याः-* तंत्र-मंत्र में रुचि जागृत होगी। किसी विशेष व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी। नए कार्य मिल सकते हैं।

*तुलाः-* चोट व दुर्घटना से शारीरिक हानि हो सकती है। लापरवाही से बचें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। समय नेष्ट है। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। तनाव रहेगा।

*वृश्चिकः-* कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। काफी समय से लंबित कार्य पूर्ण होने के योग हैं। भरपूर प्रयास करें। भाग्य का साथ रहेगा। प्रेम-प्रसंग सुदृढ़ होंगे।

*धनुः-* भूमि व भवन आदि की खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। कारोबार से बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार में वृद्धि होगी। पारिवारिक सहयोग से काम बनते चले जाएंगे।

*मकरः-* रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक व स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। संगीत व चित्रकारी आदि में रुचि जागृत होगी। जीवनसाथी के सहयोग से प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

*कुंभः-* मेहनत अधिक होगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। स्वास्थ्य को नजरअंदाज न करें। शोक समाचार की प्राप्ति की संभावना है, धैर्य रखें।

*मीनः-* मेहनत का फल मिलेगा। नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है। उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। सहकर्मी साथ देंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

## अंडा मसाला बनने की विधि...



### आवश्यक सामग्री

- 5 कटा हुआ प्याज
- 2 चम्मच जीरा
- 1 मुट्ठी करी पत्ता
- 1 चुटकी नमक
- 8 अंडा
- 6 सूखी लाल मिर्च
- 2 चम्मच उड़द की दाल
- 1 मुट्ठी कटा हरा धनिया
- 1/2 कप रिफाइंड तेल

### बनाने की विधि

अंडे उबालें। उनके गोले निकालें और एक तरफ रख दें। मध्यम आंच पर एक मिनट के लिए जीरा, लाल मिर्च, उड़द दाल और करी पत्ते को भून लें। उन्हें ठंडा होने दें, और फिर एक महीन पाउडर में पीस लें।

एक पैन में तेल गर्म करें। प्याज डालें और सुनहरा होने तक तलें। नमक, पिसा हुआ पाउडर डालें और एक या दो मिनट तक पकाएं। आधा कटे हुए अंडे डालें और धीरे से हिलाएं। आंच को कम करें और कुछ मिनट के लिए उबालें। धनिया पत्ती से गार्निश करें। गर्म - गर्म परोसें।

## शब्द सामर्थ्य- 86

**बाएं से दाएं**
1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**
1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | █ | █ | 3 | █ | █ | █ |
| 4 | | █ | 5 | | | 6 | █ | 7 |
| █ | 8 | | | █ | 9 | | | |
| 10 | █ | █ | | █ | █ | | █ | |
| 11 | | | | █ | 12 | | | █ |
| | █ | | █ | 13 | | █ | 14 | |
| 16 | 17 | | █ | 18 | | | | █ |
| █ | | █ | 19 | | | █ | █ | 20 |
| 21 | | █ | | █ | █ | 22 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 85 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | █ | स्वा | द | █ | स | ब | ब |
| जा | █ | सु | हा | ना | █ | █ | ली | द |
| ब | हु | धा | █ | द | ल | ना | █ | ल |
| █ | █ | क | मा | न | █ | ग | ह | ना |
| भं | व | र | █ | █ | █ | वा | म | █ |
| गी | त | █ | म | ज | बू | र | █ | ट |
| █ | न | म | स्का | र | █ | █ | █ | र |
| █ | █ | र्या | █ | █ | बी | █ | ना | का |
| सं | वि | दा | █ | ब | स | च | ल | ना |

## सू-दोकू- 86

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 85 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |